MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Member can continue on the next occasion.

---

## COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

### FORTY-FIFTH REPORT

SHRI AMAR NATH CHAWLA (Delhi Sadar): I beg to move:

"That this House do agree with the Forty-fifth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 28th August, 1974.".

MR. DEPUTY-SPEAKER: The question is:

"That this House do agree with the Forty-fifth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 28th August, 1974.".

*The motion was adopted*

---

**15.29 hrs.**

## RESOLUTION RE AGRICULTURAL LABOUR—*Contd.*

MR DEPUTY-SPEAKER. The House will now take up further discussion of the following resolution moved by Shri Gadadhar Saha on the 2nd August, 1974:—

"This House notes with concern that the landless agricultural labour and the poor peasantry who constitute 70 per cent of the rural population are in acute distress due to absence of effective and genuine land reforms, lack of job opportunities, abnormal rise in prices of essential commodities, and other social and economic injustice and recommends that—

(a) adequate job opportunities for them be created with regulated working conditions;

(b) a reasonable minimum wage rate to meet their daily necessities be fixed and effectively implemented;

(c) supply of food and essential commodities at subsidised rates be guaranteed to them; and

(d) effective and genuine land reforms throughout the country be made without any further delay.".

The House had allotted a total of four hours for this. We have taken 2 hours and 5 minutes and one hour and 55 minutes remain for this resolution. There has been a lot of discussion about it, but still some Members have sent me slips.

Shri Nathuram Ahirwar was on his legs on the last occasion. He may continue his speech now.

SHRI SHYAMNANDAN MISHRA: (Begusarai): May I implore your sympathy and through you the sympathy of the House that some way must be found to accommodate my Resolution which also secured the first place? As a way out, I would suggest that the House should be pleased to reduce the time from 1 hr. 55 minutes granted by way of extention to only one hour. The rest of the time may be given to Shri Panda's Resolution leaving at least half a minute for me to move my Resolution. I would request hon. members to show this much of sympathy.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): I support Shri Mishra's request.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI K. RAGHU RAMAIAH): Some friends on this side have given their names. I am sure you will call them. Subject to that, I have no objection to the proposition stated by Shri Mishra.

MR. DEPUTY-SPEAKER: There seems to be a consensus to accomodate the request of Shri Shyamnandan

Mishra I will co-operate by trying to put a time limit on speeches I will give five minutes to each member, not more than that

SHRI PARIPOORNANAND PAINULI (Tehri Garhwal) Not five minutes

AN HON MEMBER. Seven minutes

MR DEPUTY-SPEAKER May I share a secret with you? I think the most effective speech I ever made in this House was only for six minutes It was a most important occasion The House had never seen so much excitement It was over the question of Rabat You remember that Therefore, I do not see why members cannot make effective speeches in five minutes

SHRI PARIPOORNANAND PAINULI I cannot compare myself with you

**श्री नाथूराम अहिरवार** (टीकमगढ़) उपाध्यक्ष महोदय, मै उस दिन कह रहा था कि जो देहात मे रहने वाले खेतिहर मजदूर है उन को खरीफ और रबी की फसल के समय तो कुछ काम मिल जाता है , बाकी समय वे बेकार रहते है और नौकरी मजदूरी के लिए शहरो की तरफ भागते है । लेकिन उन का कही ठिकाना नही रहता ।

**15 33 hrs.**

(SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI *in the Chair*)

जहा तक जमीन के बटवारे का सवाल है सब राज्य सरकारो ने और केन्द्र सरकार ने फैसला किया कि भूमिहीनो को जमीन बाटी जाएगी । लेकिन एक तो उन को जमीन मिल नही पाती, और अगर मिल भी गई तो गाव के प्रभावशाली आदमी उस भूमि पर कब्जा कर लेते है जिन को गरीब लोग हटा नही पाते उत्तर प्रदेश के एक हमीरपुर जिले मे मानकी एक गाव है उस गाव के 66 हरिजन परिवारो को 46 2 एकड जमीन बटित की गई थी ये लोग 1966 से मालगुजारी दे रहे है, लगान हरमाल वसुल किया जा रहा है, लेकिन एक दिन के लिए भी उन को जमीन पर कब्जा करने का मौका नही मिल पा रहा है । जगल विभाग के अधिकारी कहते है कि यह वन विभाग की जमीन है और रेवेन्यू विभाग के अधिकारी कहते है कि यह हमारी है । लेकिन आज तक इस भूमि की हदबन्दी नही की गई । उत्तर प्रदेश मे भूमि-बटन का यह सारा काम ग्राम पचायतो को दिया गया है जिन के सभापति वही जमीदार लोग है जो स्वतन्त्रता के पूर्व गरीबो को सताते थ और उन्ही के जरिये जमीन का बटवारा होता है । कागज पर जो जमीन बाट दी जाती है लेकिन वास्तव मे जमीन जमीदारो के आदमियो के पास ही रहती है । और जो खेतिहर मजदूर उनका काम करने नही जाते हैं उन को गाव से बाहर निकाला जाता है । या किसी झूठ मूठ म पुलिस द्वारा फसा दिया जाता है । पिछले टाइम जब मैं घर गया था तो एक ग्राम बरौरी तहसील मऊरानीपुर जिला झासी के लोगो ने बताया कि उनके गाव के जमीदार ने 200 एकड सरकारी जमीन अपने कब्जे मे ले ली है । उन लोगो ने भी सोचा कि 1 2 बीघा जमीन जोत ली जाए नालो के किनारे । तो जमीदारो ने तहसीलदार से नोटिस निकलवा कर उनको अर्थदण्ड करा दिया उसकी वसूली की जा रही है । अफसर लोग जमीदारो के घर जा कर चाय पानी पी आते है और उन के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की तो गरीबो का इस प्रकार कैसे कल्याण होगा ? सरकार को ग्राम पचायतो से यह अधिकार छीन कर राजस्व विभाग के अधिकारियो के हाथ मे देना चाहिए , तथा मध्य प्रदेश मे भूमि बाटने की जो जन प्रतिनिधियो की समिति बनी हुई है उसी प्रकार की जन समितियो का गठन कर भूमि आवटन किया जाए ।

एक और आज आप जमीन नही दे रहे है, दूसरी तरफ जमीन बाटने का काम जमीदारों के हाथ मे दे दिये हैं, तीसरे मशीनो से खेती

[श्री नाथूराम अहिरवार]

होने के कारण गांवो के मजदूर सब बेकार हो गए हैं। अतः वह शहरों में मारे मारे फिरते हैं। शहर और देहात में उन को मजदूरी नही मिलती है। तो वह बेचारे क्या करें? इसलिए गांव में बेरोजगारी की समस्या दूर करने के लिए सरकार क्या कर रही है? कैश प्रोग्राम में, तालाब की मरम्मत तथा सड़क निर्माण आदि के काम मे उन को लगाया जा सकता है। सब राज्य सरकारो से आकड़े मगाये जाने पर जानकारी मिलती है कि अभी लाखों एकड़ जमीन पड़ी हुई है लेकिन उसका प्रबन्ध नही हो रहा है। गांव के बड़े आदमी कहते है कि यदि हरिजनो को जमीन मिल जाएगी तो उनका हल कौन चलाएगा। इसलिए अपने भले के लिए गरीबो को जमीन नही मिलने दे रहे है। इसलिए राज्य सरकारो को केन्द्र सरकार स्पष्ट आदेश दे कि जमीन उन के यहा पड़ी हुई है वह हरिजनो मे तुरन्त बाटी जाए और उस का कब्जा भी उन को दिलाया जाए।

1968, जिला झासी, गरौठा तहसील के झाला ग्राम मे 18 परिवारो को लगभग 150 एकड़ पड़त भूमि पट्टे पर दी गई थी, उस पर वह खेती कर रहे थे, किन्तु चकबन्दी अधिकारी ने उन की सारी जमीन बड़े (आदमियो) किसानों के चको में शामिल कर दी है। वह लोग मारे मारे फिर रहे हैं, वे मेरे पास आये तो मैं ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का मामला है। मैं क्या कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि आप हमारी मदद करें। तो मैं कमिश्नर महोदय झांसी के पास गया उन्होने कहा कि बहुत लेट हो गए इन को अपील करनी चाहिए थी? फिर मैं चकबन्दी अधिकारियो के पास गया और उन से कह कर अपील की। महोदय, अगर इन गरीबों से हम को वोट न दिए होते तो हम आज यहां नहीं होते इसलिए हमको तथा आप को उन के लिए कुछ न कुछ करना चाहिए ताकि उन को जमीन मिल सके। सरकार ने आवास होने के लिए मकानों के लिए जमीन देने का कुछ काम नहीं किया। इस विषय में सरकार को सोचना चाहिए कि सरकार ने पीछली बार घोषणा की थी कि दिसम्बर, 1973 तक जिन के पास आवास की जमीन न हो उन के लिए जमीन दे दी जाए। लेकिन किसी भी राज्य सरकार ने ऐसा नहीं किया आज देश में 5 प्रतिशत तथा मध्य प्रदेश में 70 फीसदी लोक गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे है, इस गरीबी की विकरालता के प्रश्न पर सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए। सरकार इस बारे में कोई योजना बनाये जिस के द्वारा गरीबो का कल्याण हो सके। तभी देश से गरीबी तथा बेरोजगारी दूर हो सकेगी। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह** : (फूलपुर) : सभापति महोदय, खेतिहर मजदूर उस देश का एक ऐसा सत्य है जिस के समक्ष कम ही लोग आख मे आंख मिला कर खड़े हो सकते हैं। और मुझ को भी डर लगता है कि मैं इस पर बोलने का अधिकारी हूं कि नही, क्यो कि भूख की मजबूरी मैं ने भी नही जानी है। फिर भी समाज की विषमता ऐसी है जिस के कगार पर जा कर किसी का भी दिल सहम जाता है। एक विचित्र परिस्थिति सामने आती है। जिस के श्रम सीकर मे यह धरती उर्वरा बनती है उस का ही पेट भूखा है, जिस के हाथों मे गगन चुम्बी अट्टालिकायें बनती हैं उस के ही हाथ खाली है और जिस की पीठ पर इस समाज का ढाचा खड़ा है वहीं उसी समाज में तिरस्कृत है। यह ऐसी विडम्बना है कि जिस में विप्लव के बीज छिपे हैं। आश्चर्य यह है कि यह अभी तक अंकुरित क्यों नहीं हुए?

मान्यवर, आजादी और प्रगति का अर्थ हर एक वर्ग के लिए समान नहीं रहा। यह बात नही है कि देश ने प्रगति की। सिचाई के साधन बढ़े। लेकिन नहर और ट्यूबवेल उस व्यक्ति के लिए क्या मायने रखते हैं जिस के पास एक धूर भूमि भी जोतने के लिए नहीं है। यातायात के साधन बढ़े लेकिन सड़क की सवा-

रियां उन के लिए क्या मायने रखती हैं जिस के पास किराये का पैसा नही है और जिसे आजीवन पगडंडी पर चलना है। बिजली का जाल फैलाया लेकिन वह उन के लिए क्या मायने रखता है, जिस की झोपड़ी में एक कुप्पी मिट्टी का तेल भी नही है।

मान्यवर, इस इन्सान के लिए उच्च न्याय के मन्दिर के कपाट बन्द है क्योंकि वह न्याय के मंदिर के पंडो को दक्षिणा देने में समर्थ नही है, थाने का द्वार उसके लिए बन्द है क्योंकि जो उस मे बैठे हुए है जन सुरक्षा के ठेकेदारो, को वह अपनी सुरक्षा का मोल नही दे सकता। इसलिए मान्यवर जब हम देश का गरीब शक्ति, सत्ता और समाज के प्रतीकों को देखता है तो हरेक प्रतीक उस के विपरीत दिखाई पडता है। किसी भी बर्तन मे आप कैसे भी दूध डाले, लेकिन दही वैसा ही जमेगा जैसा बर्तन। मान्यवर, हमारे योजना मंत्री जी यहा पर बैठे हुए है, वे कितनी ही धनराशि उडेलें लेकिन समाज मे वह वैसे ही पहुंचेगी जैसा कि समाज का ढांचा है। नहर के टेल पर जो खेत हैं, उन तक पानी पहुंचता ही नही है, क्योंकि बीच मे नहर को काटने वाले रहते है। आज समाज के टेल पर जो बैठे हुए है, वहा पर दिल्ली और लखनऊ मे जो द्रव्य आता है, साधन जाता है, उन तक नही पहुंचता है। इस परिस्थिति को बदलने के लिए केवल प्रशासनिक ढग से ही नही बल्कि हम को सामुहिक रुप से प्रयास करना होगा।

मान्यवर, भूख एक ज्वाला है। जब तक पेट में रहती है, तब तक शरीर को जलाती है, लेकिन जब दिमाग मे पहुंच जाती है, तो देश को जलाती है। इस भवन की ठंडक इन लपटों को नही बुझा सकेंगी।

मान्यवर, उस व्यक्ति के लिए, जिस के लिए हम आंसू बहाते हैं, जिस के लिए हम कविता लिखते हैं, जिस के लिए भाषण देते हैं, उन को हम की कोई आवश्यकता नही है. भूखा गरीब, अछूत जिसे कहते हैं, वह अब हमारी आपकी दया की भीख पर रहने वाला नहीं है। युग करवट बदल रहा है। वह युग की हुंकार है। उस की चिंता छोड़िए। वह अपना तप्त इतिहास लिखेगा ही। काल की लिखावट हम लोगों के मसूबों मे नही बदल सकती है। आकाश पर अंकित धरती की इस गहरी लिखावट को हम पहचाने। आज का प्रस्ताव भविष्य का हस्ताक्षर है, इसे पारित कर के आप अपने को बचा लें।

MR CHAIRMAN: Before I call upon the next speaker, the House has decided that we will try to accomodate the resolution of Shri Mishra, which is the third one. One hour has been allotted for the second resolution. Unfortunately, I have already got a list of about 10 members and further lists are coming up. Therefore, I will like to guided by the House as to when the House would like me to call the hon. Minister. By the way, how much time would the Minister and the mover need?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI MOHAN DHARIA): I will take fifteen minutes.

SHRI GADADHAR SAHA (Birbhum): I need ten minutes.

MR. CHAIRMAN: The second resolution will have to be taken up at 4.55 so that it can be over by 5.55 and the third one can be taken up. So, I will call the hon Minister at 4.30. If I am not able to accommodate some hon Members because of paucity of time, I cannot help it. I will try to accommodate as many as possible.

*SHRI J. MATHA GOWDER (Nilgiris) Mr. Chairman, Sir, I wholeheartedly support the Resolution of Shri Gadadhar Saha urging upon this House to recommend to the Government that the landless agricultural labour and the poor peasantry must be assured of basic amenities of life like a reasonable minimum wage,

*The original speech was delivered in Tamil.

[Shri J. Matha Gowder]

house to live and land to till by implementing effective and genuine land reforms without any further delay. The very fact that the Parliamentary Affairs Minister, Shri Raghuramaiah, gave an indication that the Government would be accepting this Resolution, shows the importance of this Resolution.

Sir, during 1970-71 the agricultural production was 108.42 million tonnes; in 1971-72 it declined to 105.17 million tonnes; in 1972-73 it went still further down to 95.20 million tonnes. I have no hesitation in saying that the Government cannot put the entire blame for the declining agricultural production on the failure of monsoon As the agricultural labour, who are primarily responsible in this matter, are not being given the basic amenities of life, it is impossible for them to put their heart and soul in their work. Physically also they are unable to do this arduous job because of lack of basic amenities of life.

Though 'land reform' is being bruited about for the past 27 years, only last week the Constitution Amendment Bill, giving protection to 88 Land Reform Laws enacted by the State Governments, was passed by this House. On account of the inordinate delay on the part of the Central Government in getting the Constitution amended for this purpose, all these years the State Governments were being handicapped in implementing effectively the land reforms.

In reply to Starred Question No. 505 raised on 26th August, 1974, the Government have given the details of projects submitted by 15 State Governments under the scheme for the provision of House sites to landless workers in Rural Areas. After 27 years of our Independence, 4026 block-wise projects with a total cost of Rs. 133.26 crores for providing House Sites to 49.60 lakh families of landless workers in Rural Areas have been submitted by 15 State Governments to the Central Ministry of Works and Housing. Sir, while the population of landless workers in rural areas is about 11 crores in the country, these projects, which are yet to be implemented, cover only 49.60 lakh families of landless workers in rural areas. The Government may take another 27 years to implement these 4026 projects. I regret that the Central Government have been paying such a scant attention to the problems of 11 crores of landless workers in rural areas.

In Tanjore District of Tamil Nadu, the D.M.K. Government in Tamil Nadu has given the right of ownership of plots on which the landless workers have their tenements now. The Government of Tamil Nadu has enacted a law specifically for this purpose I demand that the Central Government should issue a directive to the Congress Party Governments in other States to emulate this example of Tamil Nadu D M.K. Government so that the problem of crores of landless workers in rural areas in the matter of having a shelter to protect themselves from sun, showers and shame, is solved expeditiously.

Sir, let us now see how the surplus lands available as a result of implementation of land reforms laws have been distributed to the landless workers in rural areas. You will find these details in the reply to the Starred Question No. 209 given on 5th August, 1974. In Assam, the surplus land available was 2400 hectares. In Kerala, it was 46595 acres; in Tamil Nadu 15431 acres: in West Bengal 58,000 acres. So far as the distribution of surplus land in Assam is concerned, we do not have the details in this reply. In Kerala only 970 acres of surplus land has been distributed to 2333 landless workers, while in West Bengal 4751 acres of surplus land has been distributed. In Tamil Nadu, after the D.M.K. came to power, the Government took possession of 15431 acres and has distributed 6063 acres of surplus land. Before the D.M.K. came to power in Tamil Nadu, there was no question of distributing

any surplus land because the Congress Party Government in Tamil Nadu did not at all pass any land-ceiling law. Such a position obtains even now in many other States which are ruled by the Congress Party. In the interest and general welfare of 11 crores of landless workers in rural areas, who are the mainstay of our agriculture, the Central Government should issue a directive to all the Congress Party State Governments in the country to vigorously implement the land reform laws, as is being done in Tamil Nadu by the D.M.K. Government. It is not enough just to accept this Resolution, but the Government should take concrete steps to implement it in all seriousness.

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Mr. Chairman, Sir, many distinguished economists have written their theses; speeches have been delivered from platforms; everybody seems to be worried about the fate of the poor. The agricultural labour constitutes the poorer section of our population. The question is not of shedding tears and expressing sympathy but to diagnose the correct state of their malady and to suggest remedies for their amelioration.

In the year 1971 when we entered this House, a budgetary provision was made for a crash programme for removal of unemployment. Some roads were constructed. But they have remained incomplete. Most of them have been washed away by floods and rains. Bricks are lying there only to be stolen by the thieves in the villagers. That programme has been given a go-by only on the ground that we are in a state of inflationary crisis The banks have been nationalised and it was expected that the poorer sections of the people would be getting loans in order to improve their lot.

But nothing has been done in all these directions. Why have these things not been done? What problems the agricultural labour is facing are these. The agricultural labour is the most unorganized section of the labour in the country because it has no political force in an organized form as the trade unions in cities and factories have. Therefore, their voice remains unheard, unattended and uncared for. Therefore, the labour should be organised by all political parties according to their ideology so that it may gain strength and its voice may be vocal.

2. So far as the Ruling Party is concerned, it should make a point to extend loan upto Rs. 500 or Rs. 1000/- for the purchase of milk-giving animals like cow or she-buffalo or goats because there is want of milk everywhere. There is want of edible oil everywhere. We have not got proper edible oils and there is a section which can do this work. Therefore, provide the loan facilities to these sections so that it may have a cattle wealth from which so many things which are eatables can be produced.

3 So far as the distribution of land is concerned, guidelines have been provided by the Central Government, but agriculture and land distribution is the exclusive subject of the State Government. The State Governments have passed the laws and they are also implementing them, but the middle class and the upper class are simply crowding the bureaucracy and they have no sympathy with the scheme of land reforms. They have sympathy with the upper class people. The result is that in spite of the political direction from the Centre and from the State Government, these people are sobotaging the schemes in their implementation. My suggestion is that there should be a programme that land would be distributed in such and such village. The whole village should know well in advance and they should all assemble. The Tahsildar, the Collector, the Deputy Commissioner and other land revenue officers who are going to distribute the land should ask where is the land which is surplus. The villager knows which land, although fictitiously written in the name of a particular in-

[Shri B. R. Shukla]

dividual, is the surplus land meant for distribution to the landless labour. There should be publicity about the land distribution programme. The land distribution programme should not be implemented in the room of the Collector or the Kanungo, but it should be done on the spot.

Now, the fourth thing is that there should be cottage industries. The consumer goods which are so much scarce in the country and are becoming more and more scarce should be manufactured in the cottage industry sector because even after the land distribution programme has been implemented with all its vigour, even then the lot of these submerged classes of society cannot be improved unless we provide opportunities. Now, the agricultural labour is illiterate. It has no resources and moreover, in the villages, only for 4 or 5 months a year there is work during the time of the harvest and during the time of sowing and for almost six months of the year most of these people remain unemployed. We have to provide employment for them. Therefore, my suggestion is that concrete schemes for cottage industries, for animal breeding, for land distribution and extension of credit facilities should be provided for. Only then can we hope to better the lot of this downtrodden agricultural labour.

So far as the resolution is concerned, there cannot be any difference of opinion. It is no use simply shedding crocodile tears for their fate and the moment we go outside this House after finishing debate, to treat them with the same type of contempt which they have been getting from time immemorial.

**16 hrs.**

SHRIMATI T. LAKSHMIKANTHAMMA (Khammam): Half the labour constitute women labour in the agricultural field and there are many problems relating to agricultural labour where they are most exploited and they are not given their due in spite of constitution assurances. Please allow a woman member to speak.

MR. CHAIRMAN: Your name is for below. I will try to accommodate a woman member. After all we cannot ignore a woman member.

SHRI PARIPOORNANAND PAINULI: It was decided in the last debate that the order in which the names were given will continue, but it has been recast.

श्री राजदेव सिंह (जौनपुर) : सभापति महोदय, यह जो हमारे सामने प्रस्ताव है यह बड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, खेतिहर मजदूर और छोटे किसान हमारे देश में कितने है ? इसका अन्दाज इस बात से किया जा सकता है कि 60 करोड जो इस समय हमारे देश की आबादी है उस में से इन की सख्या 50 करोड से कम नही है। हा तो 50 करोड के लिए जो इस प्रस्ताव में चार मांगे रखी गई है अगर यह नही होती तो इस देश की गरीबी के लिए कहा जाए कि वह दूर हुई, यह सही नही हो सकता। सभी को मालूम है कि हमारे देश की जो पूरी आबादी है उसमें से 40 प्रतिशत स्टार्वेशन लाइन के लोग है जिन का जीवन किस तरह से व्यतीत हो रहा है, खाना उन्हें किस तरह से नसीब होता है यह एक देखने की चीज है। इसलिए हमारे सामने जो प्रस्ताव है वह बड़ा महत्वपूर्ण है। लेकिन थोड़ा सा वर्ग है क्योंकि गरीब किसान की परिभाषा क्या है ? दो एकड की खेती वाला भी गरीब किसान कहा जा सकता है, 5 एकड की खेती वाला भी गरीब किसान कहा जा सकता है। अगर इतनी खेती उस के पास नही है जितनी से कि वह अपने परिवार की पूरी साल भर गुजर बसर कर सके और अन्न बेच कर कपडा इत्यादि दूसरी अपनी आवश्यकताएं पूरी कर सके तो वह गरीब किसान कहा जा सकता है। इस तरह के कितने किस न है हमारे देश में यह तो सरकार बता सकती है, हम लोग सिर्फ अन्दाजा ही लगा सकते हैं कि बड़ी भारी

सख्या में है और इन दोनो की, खेतिहर मजदूर की और छोटे-मोटे किसानो की सख्या मिला कर 50 करोड से कम नही है ।

हमारी सरकार ने दो साल पहले फैश प्रोगाम शुरू किया था हर एक जिले मे और हजारो लोग लग गए थे इस काम पर । उस रकम को बढा कर भारी पैमाने पर इस को करना चाहिए और लेडलेस मजदूरो को जो मजदूरी मिलती है वह समान नही है अगर शहर के नजदीक का मजदूर है तो उसे ज्यादा मजदूरी मिलती है, शहर से दूर का मजदूर है तो उस बहुत कम मजदूरी मिलती है, इतनी कम मिलती है कि अगर आप को मालूम हो तो आप बडा ताज्जुब करेगे कि इस मे कैसे उस का गुजर बसर होती है तो सरकार एक मजदूरी जो लेडलेस लेबर है उस के लिए तय करे और हरएक जिले को, हरएक स्टेट गवर्नमेंट को यह इस्ट्रक्शन जाय कि कडाई के साथ इस का पालन और इस की पाबन्दी होनी चाहिये ।

सीलिंग की बात और लेंड रिफार्म्स की बात भी इसी के साथ जानी है । अभी हम ने कांस्टीट्यूशन मे उस के लिए अमेडमेंट किया है । अलग अलग स्टेट गवर्नमेंटस उस के लिए कोशिश कर रही है और अपने अपने यहा सीलिंग का कानून भी उन्होने पास किया है । लेकिन सिलिंग से जितनी जमीन मिली है और जितनी बडी सख्या उन की है क्या हम उन सब को जमीन दे सकेंगे ? अगर आधी एकड जमीन या एक एकड जमीन देनी है तो उस मे वह खेती नही कर सकते हैं । प्रत्येक लेडलेस को इतनी जमीन तो देनी ही पडेगी जिस मे वे खेती अच्छी तरह से कर सके और उस से अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके । अगर यह नही कर सकते हैं तो इस तरह से आधी एकड, एक एकड जमीन बाटने, का कोई मतलब नहीं होता हैं । वह भी एक दिन उन के हाथ से निकल जाएगी क्योकि उन के ऊपर कर्जे होंगे और और चीजें होगी तो इन चीजो को आप को ख्याल करना चाहिए ।

प्लानिंग कमीशन की बात थोडी सी कह दू चार, पचवर्षीय योजनाए खत्म हो गई । लेकिन मे यह कहूगा कि हमारे प्लानर्स ने कभी मिडिल क्लास के नीचे झाकने की कोशिश नही की ? मिडिल क्लास के नीचे लोगो की क्या हालत है यह कभी उन लोगो ने देखने की कोशिश नही की । अभी कल हमे यह मालूम हुआ कि गावो मे रूरल इडस्ट्रीज होती जिनसे कुछ लोगों को रोजी मिलती, उस के बारे मे प्लानिंग कमीशन ने कहा है कि रूरल इडस्ट्रीज को कोई जरूरत नही है । मे चाहूगा कि मत्री महोदय इस का जवाब देगे ? यह समझ मे नही आता कि इतनी बडी पापुलेशन है खेतिहर मजदूरो की और छोट किसानो की, किस तरह से हम सब को रोजी रोटी देगे । बडा माथा चकरा जाता है । जब आदमी सोचता है । सच पूछिए तो स्वराज की जरूरत तो इन्ही गरीबो के लिए थी बडे बडे लोगो के लिए और महलो वालो के लिए उस की जरूरत नही थी , बहुत से लोगो ने अपनी कुर्बानिया इन्ही गरीबो के लिए दी थी । लेकिन 27 साल की आजादी के बाद भी आज गरीबो की वही हालत है जो अग्रजो के समय मे थी ? यह जब हम देखते है तो बडी तकलीफ होती है कि बाते हम बडी बडी करते हैं लेकिन काम कुछ नही होता है । तो प्लानिंग मिनिस्टर से हमारा अनुरोध है कि इस वक्त प्लान वह तैयार कर रहे है । लेकिन अगले दफा जब प्लानिंग करे तो कम से कम लास्ट यूनिट गावो के स्तर का हो एक कम्यूनिटी डेवलपमेंट ब्लाक जो भी गावो का होता है वहा से प्लानिंग शुरू करे जिस से उस मे गाव वालो का इन्वाल्वमेंट भी हो । क्यो कि सौ गाव हैं—उस मे तो उन का एक एक रेप्रेजेन्टेटिव उस मे होगा, वहा से प्लान शुरू होगा तो उस ब्लाक के आदमी समझेंगे कि यह हमारा प्लान बना रहे है और यह रुपया हमारे पास आएगा । फिर वह ईमानदारी से उन में लगेंगे, पब्लिक पार्टिसिपेशन होगा और उन का इन्वाल्वमेंट भी होगा जिस की बहुत जरूरत है प्लान को सफल बनाने मे ।

[श्री राजदेव सिंह]

इस के अलावा इस समस्या के हल के लिए दो तीन हमारे सुझाव है। एक तो स्माल फार्मर्स डेवलपमेंट पैकेज प्रोगाम है। यह गरीब किसानों (पेंजेट्री) के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। अभी तक यह 46 तथा 48 जिलों मे चल रहा है। इस को नई एरियाज मे जहा छोटे किसानो की सख्या बहुत ज्यादा है वहा पर चलाया जाए। अच्छा होता कि ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर भी यहा होते क्योकि यह उन से सम्बन्ध रखता है और किसानो से, विशेषकर छोटे किसानो से सम्बन्ध रखता है।

दूसरे, जाब-ओरिएंटेड इंडस्ट्रीज भी वे लगाए। आज बडी इंडस्ट्रीज की माग होती है। लेकिन बडी इंडस्ट्रीज 1 लाख रुपये की लागत मे सात आदमियों को काम मिलेगा और स्माल स्केल इंडस्ट्री मे 1 लाख रुपये के इन्वेस्टमेंट मे 49 आदमियों को काम मिलता है। तो स्माल स्केल इंडस्ट्री मेरे ख्याल मे गावो मे लगनी चाहिए और जो प्लानिंग कमीशन की यह बात है कि रूरल इंडस्ट्री की हानि नही होनी चाहिए यह गलत बात है।

साथ साथ जो गावो के लोग आज बहुत से बेकार है जो लैंडलेस लेबर मे आते है या पेजेन्ट्री मे आते है उनके लिए इनजाम किया जाय। पहले गावों में ट्रेडीशनल इंडस्ट्रीज चलती थी। कुम्हार कुम्हारी करता था, लोहार लोहारी करता था। यह सब चीजे आज खत्म हो गई। बडे बडे इंडस्ट्रियलिस्ट्स ने, मिलों ने आज उनका काम अपने हाथ मे ले लिया है और वे बेकार हो गये है। इसलिए रूरल कारीगर जो है उनका वर्कशाप आर्गेनाइज किया जाय चाहे कई गावो को मिला कर या पंचायत के लेवेल पर जो भी आप उचित समझें, ताकि कुछ लोग उसमे एन्गेज हो, कुछ दूसरे में एन्गेज हो और इस तरह पचास करोड की जो पल्टन है इन लोगो की जिनके पास कोई जमीन नही है, कोई दूसरा साधन नहीं है उनका मसला कुछ हल हो। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। बड़ा अच्छा प्रस्ताव है लेकिन वेग है।

**श्रीमती सहोदरा बाई राय** (सागर): सभापति जी, इस प्रस्ताव का मैं हृदय से स्वागत करती हूं, लेकिन साथ साथ मैं यह भी कहती हूं कि मैंने पिछले 25 वर्षों में देखा है कि हमारे खेतीहर मजदूर की वही हालत है जो पहले थी। आज तो न किसी गांव में जोतने के लिये जमीन है और न हरिजन-आदिवासियो को देने के लिये जमीन है। जो जमीन आप हरिजन-आदिवासियों को देते हैं, जैसे मेरे यहा 4 से 6 एकड जमीन उनको देते है, लेकिन उस जमीन को जोतने के लिये उनके पास कोई साधन नही हैं। आप जब तक ट्रेक्टर से जुतवा कर उनको जमीन नही देगे तब तक काम नही चल सकता, क्योकि इस वक्त बैलो की जोडी 3 हजार रुपये की है, 6 एकड खेत को जोतने के लिये बैलो की जोडी खरीदने के लिये तीन हजार रुपया चाहिए उसके बाद बीज और खाद के लिये रुपया चाहिए, साल भर तक खाने के लिये रुपया चाहिए, तब वह जमीन को जोत सकता है। जो 4 या 6 एकड जमीन उनको मिलती है, वह भी बडे किसानो की जमीन है, जिसको वे जोतने नही देते। सागर, दमोह, जबलपुर सब जगह यही हालत है। वे लोग पटवारी से मिल कर, उसको 500 या हजार रुपया दे कर उसके पट्टे को कैन्सिल करा देते हैं, उसको 6 महीने बाद पता चलता है जब बड़े किसान उसकी जमीन को छीन लेते हैं। तब यदि वह दौड-धूप करना भी चाहे तो उसके पास पैसा नहीं है—हार कर चुप होकर बैठ जाता है।

एक दूसरा कारण यह भी है कि आज सब लोग शहरो की तरफ देख रहे हैं—जो बच्चे निकलते हैं, किसी को चानेदारी चाहिए किसी को कलक्टरी चाहिए, सब शहरों की तरफ दौड़ते हैं। हमारे खेतिहर मजदूरों को गजहरी के रूप में डेढ़ रुपया या दो रुपये मिलते हैं, जिसमे गुजारा नहीं होता। अब

यदि व काम पर न जायें तो लाठियों से मार पीट कर डाल देते हैं, उसे जबरदस्ती काम पर ले जाया जाता है। उसको कहा जाता है कि तुम हमारी जमीन में से नहीं जा सकते, तुम पानी नहीं भर सकते। तंग आ कर वह बेचारा रात को 12 बजे अपना सामान लेकर चुपचाप गाड़ी में बैठ कर शहर की तरफ भाग जाता है। यदि वह जा कर थाने में रिपोर्ट करता है—दरोगा भी आते हैं तो उनके लिये मुर्गा बनाया जाता है, शराब की बोतल मंगाई जाती है, खब खातिर की जाती है। सवेरे वे उसी को जाकर डांटते हैं कि बड़े आदमियों से क्यों उलझते हो, उनसे जा कर माफी मांगो। ऐसी हालत में बतलाइये --खेती कैसे चलेगी। जब तक हमारी सरकार की तरफ से कोई बन्दोबस्त नहीं होगा, यह काम नहीं चलेगा।

सरकार कहती है कि किसान गाय-भैंस रखें, लेकिन वह कहां से रखें। कहां से उनको खिलायें, कहां उनको बांधे. . .

**श्री वीरेन्द्र सिंह राव** (महेन्द्रगढ़) खेती कहां चली गई?

**श्रीमती सहोदरा बाई राय:** बड़े लोगों ने दबा ली। जैसे आप राजा आदमी हैं, आप के पास पैसा है, हजार, दो हजार देकर काम हो जाता है, किसान पैसा कहां से लाये, कहां से उनको रुपया दे। अगर वह मुकाबला करता है तो उसकी हड्डी पसली तोड़ दी जाती है, उसको मार कर नाले में या नदी में फेंक दिया जाता है, कोई सुनने वाला नहीं है। इस लिये मेरी प्रार्थना है कि जब तक भूमिहीन, खेतीहर मजदूर, हरिजन, आदिवासियों की रक्षा नहीं होगी, उनकी सुनवाई नहीं होगी तब तक खेती करना भी मुश्किल होगा।

गांवों के अन्दर आज गुण्डा दीं ज्यादा हो गई है। हमारे यहां महिलायें भी खेती में बहुत सा काम करती हैं। गेहूं काटती हैं, निन्दाई करती हैं, आधा काम तो महिलायें करती हैं। मेरी आप से प्रार्थना है कि आप ऐसे कदम उठायें जिससे जमीन की पैदावार बढ़े, सिंचाई के साधन दें, बीज की व्यवस्था करें, ट्रैक्टर से जमीन जोत कर दें। किसान की सुरक्षा का बन्दोबस्त करें। बगल का किसान गरीब किसान की जमीन पर कब्जा कर लेता है, उसको मारने के लिये तैयार हो जाता है। इस लिये जब तक आप कड़े कदम नहीं उठायेंगे तब तक खेती करना सम्भव नहीं होगा। वे लोग तंग आ कर शहर की तरफ भाग रहे हैं, वहां वे 10–15 रुपये रोज कमा लेते हैं, इस लिये खेती में काम नहीं करना चाहते हैं।

खेती में काम करने वाले मजदूरों को कम से कम 5 रुपया मिलना चाहिए और महिलाओं को कम से कम चार रुपया मिलना चाहिए। आप उनके साथ खिलवाड़ न करें। आप यहां बंगलों में बैठे रहते हैं, देहात में कभी नहीं जाते हैं, यहां कागज दौड़ाते रहते हैं। देहातों में जाइये और उनकी हालत को देखिये। न मिनिस्टर उनको पूछते हैं और न दूसरे लोग उनको पूछते हैं। इस लिये जब तक आप बंगलों में बैठे रहेंगे, काम नहीं चलेगा।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** (भोरैसा) सभापति जी, सदन के सामने जो संकल्प है मैं उस का हृदय से समर्थन करता हूं। यह संकल्प इस लिये लाने की आवश्यकता न होती, यदि सरकार स्वयं इस बात में जाग्रत होती। पिछले 27 वर्षों में आज जो खेतिहर मजदूर की हालत हुई है, उस की जो दयनीय स्थिति है उस के जिम्मेदार भारत सरकार है। कारण आज जो सरकार चल रही है उस को 70 प्रतिशत मत देहात में रहनेवाले लोगों ने दिये हैं। इस देश की आबादी का 70 प्रतिशत मानव देहात में रहता है, लेकिन आप ने ज्यादा सम्पर्क उन लोगों से रखा जो पढ़े लिखे हैं, जो शहरों में रहते हैं, इस लिये उन की उन्नति की तरफ ही आपने अधिक ध्यान दिया,

बजाय देहात के। और उन्हीं को अधिकाधिक महत्व दिया है।

सभापति जी, आज देहात के अन्दर बहुत बड़ी संख्या अनपढ़ लोगों की हैं। देहात की 70 प्रतिशत आबादी में से 50 प्रतिशत आबादी ऐसे लोगो की है जिन के पास जमीने नही है, रहने को मकान नही हैं, खाने को अनाज नही है। देहात मे रोजगार नही मिलता है इस लिये वे लोग शहरो की तरफ आकर्षित होते हैं और बड़े बड़े शहरो की जो हालत है वह मंत्री महोदय तथा सरकार से छिपी नही है। कितनी बड़ी संख्या मे झुग्गी-झोपड़ियो मे, फुट-पाथो पर लोग सोते दिखाई देते है—इस बात को आप भली भांति जानते है। इस बात से मंत्री महोदय इन्कार नही करेंगे कि जिस गति से देहातों मे काम होना था, वह काम आज नही हुआ। ऐसी स्थिति मे क्या हम यह मान लें कि सब से पहले तो जो प्रस्ताव हमारे सामने है, आप उस का स्वीकार नही करेंगे, बहुत मीठी भाषा मे आप उत्तर दे देंगे। तथा आश्वासन दे देंगे किन्तु उसका नतीजा कुछ नही होना। यद्यपि हाउस मे इस प्रस्ताव पर जितने लोग बोले है सब ने इस का समर्थन किया है, उस के बाद यदि आप ने स्वीकार कर भी लिया. . .

**योजना मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहन धारिया)** . आज शायद दूसरा इतिहास हो—मैं इस प्रस्ताव को माननेवाला हू।

**श्री हुकम चन्द कछवाय:** यदि स्वीकार करेंगे तो फिर आप प्रधान मंत्री जी की डांट सुनने के लिये तैयार हो जाइये।

**श्री वीरेन्द्र सिंह राव** . शहरी सम्पत्ति की बात करो—कछवाय जी।

**श्री हुकम चन्द कछवाय** . उस की बात बाद मे करूंगा। इस समय जो प्रस्ताव हमारे सामने है उस मे कहा गया है कि उन के लिये रोजगार की व्यवस्था हो। सरकार ने 1971 के चुनाव के बाद 72 करोड़ रुपया देश मे रोजगार देने के लिये रखा था, लेकिन साल भर मे 2 करोड़ 42 लाख रुपया खर्च हुआ और बाकी का रुपया लैप्स हो गया—1100 आदमियो को आप ने रोजगार दिया। अगर ऐसी ही योजना आप के पास है तो मै नही मानता कि लोगो का रोजगार दे सकेंगे। इस लिये प्रश्न यह है कि देहात के लोगो को कैसे रोजगार मिले? मैं आप को सुझाव देता हू—आप देहातो मे सड़को का जाल फैलाइये, जब खेती मे काम न हो तो वे सड़क के काम मे लगे, एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिये जब सड़क बनेगी, तो मार्ग-मार्ग पर बसेज चलेंगी, इस से सड़को के किनारे जगह जगह दूकाने खुलेंगी लोगो को धन्धा करने के लिये मिलेगा। सड़के बनाने के लिए आप देहात के मजदूरों को लगायेंगे, हर नाले नदी, पर आपको पुलिया बनानी होगी, पुलिया बनाने के लिए जो सामान होता है उसको बनाने के लिए आप आर्डर देंगे तो उससे भी लोगो को रोजगार मिलेगा। इसलिए मेरा सुझाव है कि आप सड़को का और बिजली का जाल बिछाये।

सभापति महोदय, आज हमारे देश मे अचार और टमाटर की चटनी बनाने का जो काम है वह बड़े बड़े लोगो को दिया गया है। क्या अचार और टमाटर की चटनी देहातो मे नही बन सकती है? क्या हरे मटर की पैकिंग देहातो मे नही हो सकती है? पिछली बार जब मैं पैरिस गया था तो वहा मैंने देखा भारत मे बने अचार की दो सौ ग्राम की शीशी 32 रुपए मे मिलती थी लेकिन इसमे बिचौलिया ज्यादा पैसा खाते है। देहात के लोग अच्छा अचार बनाना जानते हैं, अच्छी टमाटर की चटनी बना सकते हैं और मटर की पैकिंग कर सकते हैं। यदि आप इस प्रकार के छोटे उद्योग देहात में खुलवाये तो वहा के लोगो को रोजगार

मिल सकता है। मेरा विश्वास है इस प्रकार काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। लेकिन जो उन्हें आवश्यक चीजें चाहिए वह मिलती नहीं हैं। आप तुलना कीजिए क्या उनकी दशा है। उन्हें पेट भर खाना चाहिए, पहनने के लिए कपड़ा चाहिए जिससे वे अपना बदन ढक सकें, मौसम के अनुसार कपड़ा चाहिए, सर्दी आदि से वे अपने बदन की रक्षा कर सकें और रोज उनके काम में आने वाली जो चीजें है वह उनको ठीक प्रकार से और उचित दामों पर मिल सकें। जब वहां तक जाने का रास्ता होगा तभी आप भी उनकी मदद कर सकते है। बरसात में तो रास्ता ही बन्द हो जाता है और महीनों वहा कोई सामान नहीं पहुचता। साथ साथ उनको उचित दाम पर चीजें मिलनी चाहिए।

ऐसा न हो कि कई लोग भूख से मर जाते हैं और आप कह देते हैं भूख से किसी को मृत्यु नही हुई। होता यह है कि जब उसको खाने के लिए अनाज नहीं मिलता तो वह आम का गुठली खाता है। वह आम की गुठली इसीलिए खाता है कि उसको भूख लगी होती है। आम की गुठली खाकर उसके पेट में दर्द होता है और वह मर जाता है। आप कह देते हैं वह भूख से नहीं मरा, उसने तो आम की गुठली खाई थी इसीलिए मरा। भारत में आज भी काफी बड़ी संख्या में लोग इस प्रकार भूख से मरते है। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा, यह दुर्भाग्य की बात है, पिछले 27 सालों में भी आप उनके लिए खाने की व्यवस्था नही कर पाये हैं। इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि आप बिना संकोच तुरन्त इस बात की व्यवस्था करें।

आखिरी बात कहकर मैं समाप्त करूंगा। आज भी बहुत बड़ी संख्या में भूमि कई स्थानों पर बेकार पड़ी हुई है। मैंने यहा सदन में अनेक बार कहा है कि रेल की पटरी के किनारे बहुत सारी भूमि बेकार पड़ी हुई है। सरकार ने इस सदन में आश्वासन भी दिया कि हम वह भूमि लोगों को देंगे लेकिन आपने नहीं दी है? वहां पर इतनी भूमि पड़ी हुई है जिसपर बहुत बड़ी मात्रा में अनाज पैदा किया जा सकता है लेकिन आप कुछ करते ही नहीं हैं। मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में, डाकू ग्रस्त क्षेत्रों में खादर भूमि को समतल करने की आपने योजना बनाई लेकिन बाहरी क्षेत्रों में भी कुछ काम नही हुआ है, भीतरी क्षेत्रों में काम नही चल रहा है। इस प्रकार बहुत सारी भूमि आप लोगों लोगो को दे सकते हैं अगर ठीक प्रकार से काम किया जाये। भूमि सुधार के जो कानून है उनमें त्रुटिया है और उनपर सख्ती से अमल नही हो रहा है। आपको देखना चाहिए कि सभी प्रदेशीय सरकारें उन कानूनों पर सख्ती से अमल करे। जो भी सरकारें भूमि सुधार कानूनों पर सख्ती से अमल न करें उनको आप मदद देना बन्द कर दे। यदि आप ऐसा करेंगे तो मेरा विश्वास है कि सरकारें उनपर सख्ती से अमल करेंगी। साथ ही कलक्टर या दूसरे अधिकारी ठीक कार्यवाही नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। इस प्रकार मेरा विश्वास है इसमें काफी गति आयेगी। इन शब्दों के साथ मै इस सकल्प का समर्थन करता हू और मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि बिना किसी डर के इसको वे स्वीकार कर लें।

**श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली** (टिहरी गढ़वाल) : सभापति जी, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हू। जैसा कि धारिया साहब ने कुछ अर्सा पहले कहा था कि गरीबी की रेखा के नीचे जो लोग हैं उन्हें दूसरे लोगों के स्तर पर लाने में अभी 30–40 वर्ष का समय लगेगा —मैं समझता हूं कि यह जो आपने निष्कर्ष निकाला था, जिस रफ्तार से बेरोजगारी बढ़ रही हैं, गरीबी बढ़ रही हैं और गरीबी की रेखा के नीचे जो लोग हैं उनकी तादाद जिस रफ्तार से बढ़ रही हैं, मैं समझता हूं आपकी अरिथमेटिक इसमें काम नहीं देगी। एक करोड़ बेरोजगार लोग जो इस समय देश में हैं उसके दो तिहाई लोग

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली]

गांवों में रहते हैं । शायद कुछ समय काम पाने वाले अर्ध बेरोजगार लोगों की संख्या इससे भी अधिक होगी । खेतिहर मजदूर असंगठित हैं जिसका कारण उनमें अशिक्षा का होना है । चूंकि उनकी जो न्यूनतम आवश्यकतायें हैं वह भी उनको नहीं मिलती हैं इसलिए उनमें मनोबल नहीं रह गया हैं कि वे संगठित होकर अपने बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हों । आज देश में जो मंहगाई हैं उसके सब से बड़े शिकार खेतिहर मजदूर हैं । जो संगठित क्षेत्रों में काम करने वाले मजदूर हैं, उनकी यूनियनें होती हैं, वे अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते हैं, आन्दोलन करते हैं और अपनी आवाज़ उठाते हैं । हमारे विरोधी दलों के भाई. जिनकी आपस में न नीति मिलती हैं और न कार्य-क्रम मिलते हैं वे 10 हजार रुपया महीना तनख्वाह पाने वाले एयर इंडिया के कर्मचारियों की मांगों के लिए भी आन्दोलन करेंगे और एक हजार रुपया महीना तनख्वाह पाने वाले जो रेलवे कर्मचारी हैं उनकी मांगों के लिए भी आन्दोलन करेंगे । जो क्लास तीन और क्लास चार के एम्प्लाई हैं, जोकि संगठित क्षेत्र के कर्मचारी हैं, वर्कर्स हैं उनके लिए भी वे संघर्ष कर सकते हैं । लेकिन बेचारे गांवों में रहने वाले खेतिहर मजदूर जिनका कोई संगठन नहीं हैं, जो कि गरीबी की रेखा में सबसे नीचे हैं, उनकी तरफ से आवाज़ उठाने वाला कोई भी नहीं हैं । केवल आदर्श वघार देने से कुछ नहीं होता हैं, केवल इस सदन में एक बार घड़ियाली आंसू बहा देने से कुछ नहीं होता हैं, अविश्वास प्रस्ताव के रूप में या एडजर्नमेंट मोशन के रूप में विरोधी पक्ष ने संगठित क्षेत्र के मजदूरों की आवाज उठाई किन्तु क्या आपने कभी खेतिहर मजदूरों के समर्थन में ऐसा कोई कदम उठाया ? यह केवल दिखाने वाले हाथी के दांत हैं, खाने के दांत नहीं हैं । (व्यवधान)

खेतिहर मजदूरों के साथ आपकी कोई सहानुभूति नहीं हैं । यह एक राष्ट्रीय समस्या हैं जिसको राष्ट्रीय स्तर पर हल करने की आवश्यकता हैं । खेतिहर मजदूरों की समस्या के हल के लिए जितनी हमारी जिम्मेदारी है उससे कम जिम्मेदारी विरोधी दलों की नहीं है । देश में शोषक और शोषित वर्ग के बीच यह संघर्ष है, इसमें राजनीति लाने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

नेशनल कमीशन आन लेबर ने हाल ही में अपनी रिकमेंडेशन्स दी हैं, उसने नोड-वेस्ट मिनिमम वेज की सिफारिश की हैं इसलिए खेतिहर मजदूरों का न्यूनतम वेतन निर्धारित करने की व्यवस्था राज्य सरकारों द्वारा की जानी चाहिए । अर्थ शास्त्र का सिद्धान्त हैं कि जहां औद्योगिक विकास बढ़ता जाता हैं वहां कृषि पर निर्भर करने वाले लोगों की संख्या घटनी चाहिए । लेकिन इसके विपरीत हमारे देश में कृषि पर निर्भर रहने वाले लोगों की संख्या निरन्तर बढ़ती गई है । एक ओर जमीन सिकुड़ती जा रही है दूसरी ओर जमीन पर वेस्टेड इन्ट्रेस्ट्स का कब्जा पहले की तरह कायम है । परिणामस्वरूप एक प्लान से दूसरे प्लान में खेतिहर मजदूरों की संख्या निरन्तर बढ़ती गई है । पूना के गोखले इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डा० डांडेकर के अनुसार 1961 और 1971 के बीच 10 वर्ष में खेतिहर पुरुष मजदूरों की संख्या में 80.8 प्र० श० की वृद्धि हुई है, स्त्रियों में 95 प्र० श० की वृद्धि हुई है । इंडस्ट्रियल सेक्टर के जो मजदूर हैं उनकी संख्या में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है । यह साबित करता है कि कृषि पर निर्भर करने वाले लोगों की, खेतिहर मजदूरों की, संख्या में वृद्धि हुई है ।

मैं आपका ध्यान बेगार प्रथा, बांडेड लेबर, की ओर दिलाना चाहता हूं । हमारे देश में आंध्र प्रदेश, गुजरात, जम्मू कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, उड़ीसा,

राजस्थान, उत्तर प्रदेश की ओर दिलाना चाहता हूं जहां आज भी बांडेड लेबर किसी न किसी रूप में विद्यमान है । कमिश्नर फार शेड्डूल्ड कास्ट्स ऐंड शेड्डूल्ड ट्राइब्ज़ की 20वीं रिपोर्ट में लिखा है, मैं कोट करता हूं :

"The practice of bonded labour still exists in one form or the other in many States. It is suggested that surveys and studies should be undertaken by concerned State Governments and Union Territory Administrations. Where legislative measures have not so far been undertaken to abolish the system of bonded labour, necessary legislation should be enacted immediately. The offenders should be dealt with severely and bonded labour should be made a cognisable offence".

इसके बाद भी शायद ही किसी प्रदेशीय सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई कदम उठाया हो । उत्तर प्रदेश के देहरादून जिले में जौंसार बाबर का जो इलाका है, जो मेरी कांस्टीटुएन्सी का एक भाग है वहां पड़दादा के पड़दादा ने कभी कर्जा लिया होगा, उसका मूल तो अभी ज्यों का त्यों कायम है केवल सूद पर ही उन लोगों की बहू बेटियां और सारा परिवार काम करता चला आ रहा है । न्यूनाधिक मात्रा में इसी प्रकार की प्रथा दूसरे इलाकों में भी विद्यमान है । तो मेरा निवेदन है बांडेड लेबर को खत्म करने की नितान्त आवश्यकता है । पांच साल पहले नेशनल लेबर कमीशन ने लिखा था कि जमींदार खेतिहर मजदूरों का शोषण करते हैं । सरकार ने अनाज के न्यूनतम मूल्य कायम किए लेकिन उसका फायदा जमींदारों को ही हुआ, खेतिहर मजदूरों का शोषण और बढ़ गया । उनकी आवश्यकता की जो चीजें हैं वह अधिक मूल्य पर बिक रही हैं और दूसरी ओर उनकी आमदनी का स्तर घटता जा रहा है । इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि खेतिहर मजदूर कर्जदार हो गए और कर्जदार होने की वजह से उनका घर और जमीन सभी कुछ कुर्क हो गये । कानून के द्वारा आदिवासियों कीर रक्षा की व्यवस्था लगभग सभी जगह है, किन्तु कानून भी उन की रक्षा नहीं कर सका है । महाराष्ट्र के धलिया जिले में जहां कुल आबादी के 40 प्रतिशत लोग आदिवासी हैं, वहां किस प्रकार जालबट्टा कर के जमीदारों, पूंजीपतियों और ठेकेदारों ने उन की जमीन हड़पी, वह दुख की बात हैं । दो साल पहले सर्वोदय के कार्यकर्त्ताओं ने एक सर्वे किया था जिस के अनुसार 10 हजार बीघा जमीन उन्हो ने हड़प ली । यह सब होते हुए भी शोषण और अत्याचार बढ़ गया और नेता, अधिकारी तथा समाज सुधारक खामोश देखते रहे । इसलिये घड़ियाली आंसू बहाने से काम नहीं चलेगा । जहां सरकार को खेतिहर मजदूरों की रक्षा के लिये कानून बनाना चाहिये वहां सभी राजनीतिक दलों को एक हो कर के उनके हित में काम करने की आवश्यकता है । स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् एक तरफ तो प्रतिष्ठित वर्ग है उस की प्रबल इच्छा है कि आज की बदलती हुई तस्वीर में उस का सर्वस्व कायम रहे, और दूसरी तरफ शोषित वर्ग आन्दोलित है, वह चाहता है कि समय के साथ उसे भी आगे बढ़ने का मौका मिले । इसलिये संघर्ष बढ़ रहा है, और आगे बढ़ कर रहेगा । इसलिए मैं कहना चाहता हूं सरकार से और सभी साथियों से कि वे जनजाति और खासतौर से खेतिहर मजदूरों के हितों की रक्षा करें ।

अन्त में मैं दो, तीन सुझाव देना चाहता हूं । पहला तो यह कि लैंड सीलिंग ऐक्ट जो बना है उस को लैटर और स्प्रिट में लागू करना चाहिये । जिला स्तर पर इस तरह की कमेटियां बननी चाहियें जो देखें कि किस आदमी ने गैर-कानूनी तरीके से जमीन हथिया रखी है उस जमीन को कैसे वापस लिया जाये । जो फालतू जमीन वहां है वह तो खेतिहर मजदूरों में देनी ही है, किन्तु बहुत से लोगों ने कानून के तहत जो गलत तरीके से जमीन ले रखी है उस को

[श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली]

कैसे निकाला जाये। केरल में ऐग्रीकल्चरल वर्कस ऐक्ट जो बना था उस की तरह का कानून अन्य प्रान्तों में होना चाहिये। उस की सातवीं धारा में खेतिहर मजदूरों के लिये जॉब सेक्योरिटी की व्यवस्था की गई है। जब तक जॉब सेक्योरिटी की व्यवस्था नहीं होगी तब तक कोई भी कानून बनायें उस से कोई लाभ नहीं होगा। खेतिहर मजदूरों के सम्बन्ध में मैं एक और निवेदन करना चाहूंगा और वह यह है कि उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में पूरे समय काम देने के लिये कर्नाटक में जो लैंड आर्मी बनायी गई है उस पैटर्न की दूसरे प्रान्तों में भी व्यवस्था होनी चाहिये ताकि भूमिहीनों को उस में काम मिल सके।

छोटे-छोटे मार्जिनल फार्मर्स और लैंडलैस लेबरर्स स्कीम में संशोधन कर के बैकवर्ड एरियाज में व्यापक रूप से उस को लागू करना चाहिये। खादी कमीशन जैसी संस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता लैंडलैस लेबर, हरिजनों और आदिवासियों को देनी चाहिये। हरिजनों के लिये मकान बनाने की जो बात होती है वह एक मजाक है। उत्तर प्रदेश में मकानों की छतें गत्ते की बनी हैं जो हवा में उड़ गई। हजारों लाखों रुपया उस पर खर्च हुआ। मैं जानना चाहता हूं कि किस के लिये इतने रुपये की व्यवस्था की गई? क्रैश प्रोग्राम जो आप ने चालू किया था उस में कमियां थीं, काफी रुपया उस में बर्बाद हो गया, किन्तु उसे बन्द करना ठीक नहीं उस स्कीम में संशोधन कर के उस को फिर से लागू करना चाहिये और ऐसी मशीनरी इवॉल्व करनी चाहिये ताकि उस में खेतिहर मजदूर को काम में प्राथमिकता मिले।

MR. CHAIRMAN: I want to accommodate as many as possible, but the House has decided to accommodate the third resolution. So, I have to call the minister now.

SHRI DARBARA SINGH (Hoshiarpur): Last time, my name was there. I do not know why I am not being called now.

SHRI A. K. M. ISHAQUE (Basirhat): You can give us a few minutes and extend the sitting of the House.

MR. CHAIRMAN: I want to accommodate as many as possible. I am told the Private Members' Business is only for two and a half hours. In view of the fact that the House has already decided that the third resolution will be accommodated, I do not think we can revise it. So, I have no other alternative except to call the Minister.

SHRI A. K. M. ISHAQUE: This is a very important subject. You should accommodate us.

MR. CHAIRMAN: I have tried to accommodate as many members as possible. But we have taken a binding decision that the third resolution will be taken up. If I accommodate more members then the third resolution cannot be taken up. It is a resolution by the opposition and so we should accommodate it. I am in the hands of the House.

SHRI A. K. M. ISHAQUE: In this House we have discussed many issues which were not even on the agenda. So, when it is an important subject, I do not see why we cannot be accommodated (*Interruptions*).

MR. CHAIRMAN: My difficulty is that the House has already taken a decision to accommodate the third resolution.

SHRI A. K. M. ISHAQUE: There are many cases where the House has changed its own decision.

MR. CHAIRMAN: I will call the Minister at 5 O'Clock. I will try to accommodate as many members as possible till then.

श्री दरबारा सिंह (होशियारपुर): चेयरमैन साहब, मैं सिर्फ चन्द एक प्वाइंट्स ही अर्ज करना चाहता हूं और मुझे कोई लम्बी स्पीच नहीं

करनी है। मैं सिर्फ चन्द प्वाइन्ट् सही कहूंगा, क्योंकि जो बातें मेम्बर साहबान द्वारा यहां पर कही गई हैं, शायद प्राब्लम्स के नजदीक वे नहीं आए। देहात में किस हालत में लोग बसते हैं उस के बारे मे उन को ज्यादा मालूम नही है, मै कोई इल्जाम नही दे रहा हू, लेकिन जो बात सही है, वह मै अर्ज करना चाहता हू। यह मसला किसी एक रेजोल्यूशन की शक्ल मे यहां पर आए, तो उस से काम नही होने वाला है। इस पर तो लम्बी चोडी बहस होनी चाहिए क्योंकि आप ने एक सीमा रखी है और उस मे हमें रहना है।

पहली बात तो यह है कि आपकी 70 फीसदी आबादी देहात मे बसती है और वह एग्रीकल्चर पर डिपेंड करती है लेकिन उस के लिए जो पांचवां पचसाला प्लान आप ने तैयार कर दिया है, तो आपने उस को होलीडे ही दे दिया है। नही दिया है तो क्या है। आप ने 1974-75 का जो प्रोवीजन था उस को श्लेम कर दिया है। चौथी प्लान मे वह 16 परसेन्ट था और आज इस प्लान मे वह 13 परसेन्ट है और 1974-75 में आप ने इस को और भी कम कर दिया है। आपकी जो एग्रीकल्चर है, उस के साथ मुल्क की लेबर का सवाल भी जुड़ा हुआ है लेकिन उस लेबर को आप को क्या देना है, वह तो लोगो को ही देना है। उस के लिए अगर आप रिसोर्सेस नही देंगे, तो यह बात आगे चलने वाली नही है और मजदूर बे दिल हो कर शहरो की तरफ चलेगा। आप उस को कन्टेन करना चाहते है कि वह शहरो की तरफ न आए लेकिन जो हालात चल रहे हैं उस में ऐसा ही होगा और आप का जो सिलिंग एग्रीकल्चर का मुकर्रर हुआ है, वह पूरा नही हो सकता है। आपकी नियत नही है करने की और उन लोगों को जिस सतह पर काम करना है, वह नही कर रहे हैं। वे खुद इस मे इनवोल्वड है, इसलिए मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सेन्टर की तरफ से कुछ हो तो कुछ हो जाएगा वरना वे करने वाले नही है। मेरा कहना तो यह है कि जितनी जमीन आप को मिलती है वह भी उन मे बांट दी जाए, तो प्राब्लम हल होने वाली नही है। मैं यह पूछना चाहता हू कि आप गांवों में इन्डस्ट्रीज क्यों नही लगाते हैं। आप ने बम्बई को टिविन सिटी मुकर्रर कर दिया और उस पर आप 2,500 और 3,000 करोड रुपया लगायेंगे। यह रुपया आप देहातों मे इंडस्ट्रीज लगाने के लिए खर्च नही कर सकते। पहले जो काटेज इन्डस्ट्रीज वहा पर थी वह तो खत्म हो ही गई और वहां पर लोग बेकार बैठे हुए है। उन के लिए जगह कही नही है। आप स्माल स्केल इन्डस्ट्रीज क्यो नही लगाते और यूनिट्स क्यों नही मुकर्रर करते ताकि वहां पर लोगों को एश्योर्ड इन्कम हो। आज एक मजदूर 3 रुपया, 2 रुपया और एक रुपया कमा कर गुजारा करता है और उस की को एश्योर्ड इन्कम नही है। उस को जमीन से भी कुछ नही मिलने वाला है। इसलिए जब तक आप पूरा ढांचा नही बदलेंगे काम नही चलेगा। जिन को आप जमीन बाटेंगे उस के लिए उन को पूरी सहूलियतें, इनपुट्स और हर चीज कौन कहां देने वाले है। जहां तक क्रेडिट की बात है वह हरिजन और दूसरे शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोगों को मिलने वाला नही है। आज तो जो मार्जिनल फारमर है, स्माल फारमर है, उस को भी एडवास नही मिलता है और आप का जो फर्टिलाइजर्स है, वह किसी मे कर्जा ले कर लेवें। आप के जो इनपुट्स हैं वे उन को मिलने वाले नहीं है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि प्राब्लम सिर्फ इस बात से हल नही होगी कि हम रेजोलूशन पास करदे। मै तो चाहता हू कि पूरी तौर पर तहकीकात की जाए कि क्या अड़चने हैं और कहां रुकावटें है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि प्लानिंग मे यह जानबूझ कर किया जा रहा हो कि देहात मे इंडस्ट्रीज बिलकुल नही जानी चाहिए। आप शहरो का बोझ हल्का करना चाहते हैं और यह चाहते हैं कि गांव से लोग शहर की तरफ न जाए, तो आप को छोटी इंडस्ट्रीज को वहा पर स्प्रैड ओवर करना होगा और इस ढंग से प्लानिंग करनी होगी कि सब लोग एक सतह पर आ जाए। आज वहां पर लोग तीन रुपया, दो रुपया मुशकिल से कमाता है और हाईली उस को 90 रुपये मिलते होंगे

[श्री दरबारा सिंह]

